# ट्रक की टक्कर से गर्भवती गाय और बछड़े की दर्दनाक मौत

## गाडरवारा-कौड़िया मार्ग पर बरिया वाले दादा के पास हादसा

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ गाडरवारा।** गाडरवारा-कौड़िया मार्ग पर बरिया वाले दादा के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में गर्भवती गाय और उसके गर्भस्थ बछड़े की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से गाय की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल का दृश्य बेहद हृदयविदारक रहा। घटना की जानकारी मिलते ही गो सेवक और स्थानीय नागरिक मौके पर पहुंचे। हादसे को लेकर आक्रोशित गो सेवकों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया और संबंधित वाहन चालक के



खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्यवाही की मांग की। गो सेवकों ने कहा कि सड़कों पर तेज रफ्तार वाहनों और बेसहारा मवेशियों की सुरक्षा को लेकर प्रभावी व्यवस्था नहीं होने के कारण लगातार गौवंश सड़क हादसों का शिकार हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं तथा जिम्मेदार वाहन चालक के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाए।

### आखिर सड़क हादसों में कब तक जाती रहेगी गौवंश की जान?

गो सेवकों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से सवाल किया कि आखिर सड़क हादसों में कब तक गौवंश की जान जाती रहेगी? उन्होंने सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा मवेशियों की सुरक्षा के साथ ही तेज रफ्तार वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण की मांग की। फिलहाल घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और गो सेवकों द्वारा दोषी वाहन चालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जा रही है।



## शिवानी को किया सम्मानित

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस स्वाधीनता दिवस के अवसर पर शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल देवरी राजमार्ग की छात्रा शिवानी चौधरी ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विद्यालय परिवार ने छात्रा को समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे।

# ग्राम सभा में लोगों ने गिनाई परेशानियां

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** स्वाधीनता दिवस के पुनीत अवसर पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन ग्राम पंचायतों में किया गया है। जिसके तहत ग्राम पंचायत खमरिया में भी अलग-अलग दिनों में खमरिया और उसके अंतर्गत आने वाले ग्राम कन्हेरी में भी विशेष ग्राम सभा का आयोजन हुआ जिसमें उपस्थित बड़ी संख्या में जनसमूह ने अपनी मूलभूत सुविधाओं को लेकर अपनी वेवाक बातें रखी। जिनमें स्कूल पीनी शौचालय आवास राशन वितरण सहित शासकीय भूमी पर कब्जा और भारी वाहनों के माध्यम से सड़क टूटने से विषय आये। लोगों ने स्पष्ट किया कि हमारे गांव में खदान संचालक के लोगों द्वारा शासकीय भूमी और खदान क्षेत्र में जाने से मारा पीटा



जाता है इसलिए तत्काल प्रभाव से यह भूमि यहां से खाली कराई जानी चाहिए।किसी भी प्रकार की यदि कोई शिकवा शिकायत हम लोग करने जाते हैं तो हमारे पीछे आदमी लगा दिये जाते हैं हम लोगों से जोर देकर हस्ताक्षर करने के लिए बोला जाता है।आने जाने वाली सड़क पर भारी वाहनों बड़े बड़े ट्रकों और जेबीसी निकलने के कारण सड़क खराब कर दी जाती है जिससे गड्ढों में बच्चों और महिलाओं को आने जाने में परेशानी हुआ करती है। तत्काल प्रभाव से भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगना चाहिए। गांव वालों को सुविधाएं मुहैया कराये जाने के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जाती है और ना ही गांव के लोगों को रोजगार मुहैया कराया जाता है। गांव में मात्र दो हेडपंप ही लगे हुए हैं ।

### एक नजर में

#### हाईस्कूल का उन्नयन होने पर हर्ष

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा से गाडरवारा सड़क मार्ग के बीच प्रतिष्ठित ग्राम भामा में हाईस्कूल काफी लंबे समय से संचालित हो रहा है। जिसमें भामा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। लेकिन दसवीं के बाद कक्षा ग्यारहवीं बारहवीं के लिए उन्हें तेंदूखेड़ा या अन्य स्थानों पर जाकर शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती थी। विगत दिवस हाईस्कूल का उन्नयन कर हायर सेकंडरी स्कूल की घोषणा होते ही ग्राम के प्रतिष्ठित जनों द्वारा शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह से मुलाकात कर उनका पुष्पा हारों से सम्मानित कर आभार व्यक्त किया गया।

#### धूमधाम से मनाया गया नाग पंचमी का महापर्व


**साईखेड़ा।** नगर में नाग पंचमी का महापर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। गाडरवारा रोड स्थित नाग मंदिर में चौरसिया समाज द्वारा विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर में विशाल जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जुलूस के नाग मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान नागदेव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रसादी अर्पित की गई। मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही और लोगों ने नागदेव के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। नाग पंचमी के अवसर पर नगर में वर्षों से चली आ रही पुरानी परंपरा के अनुसार जगह-जगह पथा लगाए गए। श्रद्धालुओं ने इन स्थानों पर नागदेव की पूजा-अर्चना कर प्रसादी अर्पित की तथा धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। पूरे नगर में दिनभर भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

#### धूमधाम के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**साईखेड़ ।** विकासखंड साईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले शासकीय हाई स्कूल बिछुआ में स्वतंत्रता दिवस की 80 वीं वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई द्य कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा पूरे गांव में रैली निकाली गई तथा भारत माता के नारे लगाए गए इस रैली में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाईस्कूल के विद्यार्थी संयुक्त रूप से शामिल रहे द्य शासकीय हाई स्कूल परिसर में उपस्थित मुख्य अतिथियों द्वारा भारत माता एवं राष्ट्रध्वज की पूजा अर्चना की गई द्य उसके पश्चात शाला में ध्वजारोहण किया गया जिसमें संस्था की प्रभारी प्राचार्य संगीता मेहरा द्वारा ध्वजारोहण किया गया द्य कार्यक्रम के अगले चरण में उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्पहारों से स्वागत किया गया।

#### जिले में अब तक 610.8 मिमी अर्थात 24.06 इंच वर्षा दर्ज

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले में एक जून से 17 अगस्त तक की अवधि में औसत रूप से कुल 610.8 मिमी अर्थात 24.06 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 17 अगस्त की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले की तहसील नरसिंहपुर में 4 मिमी, गाडरवारा में एक मिमी, करेली में 14 मिमी और तेंदूखे?ा में 11 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गोटेगांव में वर्षा शून्य दर्ज की गई है। तहसीलदार भू- संसाधन एवं प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 अगस्त तक तहसील नरसिंहपुर में 706 मिमी, गाडरवारा में 683, गोटेगांव में 498 मिमी, करेली में 517 मिमी और तेंदूखे?ा में 650 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 1001.80 मिमी अर्थात 39.44 इंच वर्षा हुई थी।



# ककरा घाट से डमरू घाटी तक निकाली विशाल कांवड़ यात्रा

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** पावन श्रावण मास के तीसरे सोमवार को क्षेत्रवासियों की उन्नति समृद्धि सुख शांति एवं खुशहाली की मंगलकामना को लेकर पूर्व विधायक संजय शर्मा के द्वारा पुण्य सलिला माँ नर्मदा जी के पावन तट ककराघाट पर विधि विधान पूर्वक भगवान भोलेनाथ एवं माँ नर्मदा जी का पूजन अर्चन कर पावन कांवड़ यात्रा जल कांवड़ में धारण कर आस्था भक्ति और श्रद्धा के अनुपम संगम सनातन परंपरा और जनकल्याण की मंगल भावना के पवित्र संकल्प के साथ विशाल यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुषों ने भाग लिया। डमरू घाटी पहुंच कर शिवालय में पूजन अर्चन वैदिक मंत्रोचार के साथ अभिषेक किया।इस यात्रा में क्षेत्र के सभी वर्गों के श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# ककराघाट से छिड़ाव घाट शिव मंदिर तक निकली अपनी कांवड़ यात्रा

**नवभारत/ गाडरवारा।** श्रावण मास के तृतीय सोमवार को अध्यात्म और संस्कृति की पुण्यधरा गाडरवारा में सनातन आस्था एवं शिवभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। परम तपस्वी दादा गुरु महाराज के सानिध्य में आर्यावर्त सांस्कृतिक सामाजिक संस्था, गाडरवारा द्वारा अपनी कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल भी यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ कांवड़ उठाकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कांवड़ यात्रा ककराघाट से प्रारंभ होकर छिड़ाव घाट स्थित शिव मंदिर तक निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह और



श्रद्धाभाव के साथ सहभागिता की। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की भक्ति एवं आराधना के साथ सनातन धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत किया। अपनी कांवड़ यात्रा ने गाडरवारा की सनातन आस्था, धार्मिक संस्कृति और सामाजिक एकजुटता का प्रेरणादायी संदेश दिया। यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का उत्साह श्रावण मास की आध्यात्मिक ऊर्जा और भगवान शिव के प्रति गहरी आस्था का प्रतीक बना। इस अवसर पर तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, रामसनेही पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



# नर्मदा मंदिर में अभिषेक और भजन-कीर्तन

## भोले भंडारी की जय के नारों से गूंजा मंदिर परिसर

**नवभारत/ गोटेगांव।** श्रावण मास के पावन सोमवार को पटेल वार्ड स्थित मां नर्मदा मंदिर में भोले शंकर का विशेष अभिषेक किया गया। मंदिर पुजारी लखन लाल उपप्मम के सानिध्य में पूर्ण विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न हुई। बड़ी संख्या में मातृशक्ति मंदिर में एकत्रित हुईं और शिवलिंग का जलाभिषेक, दूधाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ की आराधना की। अभिषेक के पश्चात मंदिर परिसर में महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया। भक्तिमय गीतों और हर हर महादेव के नारों से पूरा माहौल शिवमय हो गया। महिलाओं ने श्रावण मास में सुख, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# ग्राम गुडवारा झामर में 12 ज्योतिर्लिंगों की शोभायात्रा

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** ग्राम गुडवारा, झामर में भगवान शिव की भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर 25 हजार रुद्री पाठ के साथ भगवान शिव का विधि-विधानपूर्वक रुद्राभिषेक किया गया। आयोजन के अंतर्गत भगवान शंकर के समस्त परिवार एवं 12 ज्योतिर्लिंगों की प्रतिमाओं के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा भक्तिमय वातावरण के बीच मां नर्मदा के पावन घाट तक पहुंची, जहां विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना एवं रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयकारों के साथ भगवान भोलेनाथ की आराधना की। धार्मिक आयोजन गुरुदेव



पंडित शास्त्री पवन कुमार उदैनिया, नरसिंहपुर के सान्निध्य में संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव एवं मां नर्मदा की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि, स्वास्थ्य एवं मंगल की कामना की। आयोजन को सफल बनाने में रचित रजक, शालिनी रजक, सत्यम रजक, नंदिनी रजक, श्रद्धा रजक, आकाश रजक एवं बालकृष्ण रजक सहित पूरे परिवार की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। सभी ने पूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक आयोजन में सहभागिता की।

# ठेकेदार की मनमानी से प्रभावित हो रही जलापूर्ति

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** समीपी ग्राम डोभी में टंकी निर्माण कार्य चल रहा है। घर घर पानी पहुंचाने के उद्देश्य से अंडरग्राउंड पाइप लाइन डाली जा रही है। जिसमें पूर्व से डली पाइप लाइन को अलग कर नई लाइन डाली जा रही है। लेकिन इसमें जगह जगह लीकेज बना हुआ है।जिसे सुधारा नहीं गया। ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत में तैनात पानी खोलने वाले द्वारा कई बार ठेकेदार को फोन पर सूचना दी गई एवं ठेकेदार के कर्मचारियों को भी मौखिक रुक से शिकायत की गई परन्तु अभी तक फूटी वाटर सप्लाई को सुधारा नहीं गया। जिससे डोभी की कई जगह की वाटर सप्लाई फूट जाने से कई मुहल्ले की वाटर सप्लाई सुचारू



रूप से नहीं चल पा रही है। जिससे ग्रामीणों को पानी की समस्या लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से माँग की है कि इस समस्या से जल्दी निजात दिलाया जाए। डोभी के वाटर सप्लायर श्रीराम पटेल का कहना है कि कई बार ठेकेदार को मेरे द्वारा फोन पर सूचना दी जा चुकी है एवं उनके कर्मचारियों से मौखिक रूप से शिकायत करने के बाद भी आज तक वाटर सप्लाई नहीं सुधारी गई। डोभी में पंचायत द्वारा पहले की वाटर सप्लाई डली है उसके कई जगह फूटने के बाद कई मुहल्ले की वाटर सप्लाई सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। जिससे ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे है।



# हरियाली महोत्सव में महिलाओं ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**नवभारत/ गाडरवारा।** सर्व ब्राह्मण महिला जागृति संघ द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरियाली महोत्सव का आयोजन सभी बहनों के सहयोग से उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। महोत्सव के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्रियों की आकर्षक वेशभूषा में पहुंचीं महिलाओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं सावन के गीतों पर महिलाओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उत्साह और उल्लास का माहौल बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला आयोग की सदस्य एवं पूर्व विधायक साधना स्थापक ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ममता पांडे उपस्थित रहीं।

# नाग पंचमी पर प्रतिभावान बच्चों को किया सम्मानित

**नवभारत/ गोटेगांव।** नाग पंचमी चौरसिया दिवस के पावन अवसर पर चौरसिया समाज महिला समिति गोटेगांव द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। यह आयोजन समिति के सातवें वर्ष में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही रुद्राभिषेक पूजन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियर सरदार सिंह पटेल, सेक्रेटरी, मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन रहे। समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समाजजनों ने उत्साहपूर्वक




सहभागिता कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।
आयोजन को सफल बनाने में सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं समाजजनों का सराहनीय सहयोग रहा। अंत में अध्यक्ष बबीता अरविंद चौरसिया, सचिव श्वेता सचिन चौरसिया एवं कोषाध्यक्ष कौशल्या अन्नी लाल चौरसिया ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं समाजजनों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# संगीतमय अखंड रामायण पाठ का आयोजन

**नवभारत**/गोटेगांव विगत दिवस धर्ममय वातावरण के बीच खरया आभूषण परिवार द्वारा अखंड रामायण पाठ का भव्य आयोजन किया गया। परिवार के निवास पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में अजीत, नीरज, पंकज, अमित, अनीश, शुभ, हर्ष, कान्हा एवं समस्त खरया आभूषण परिवार द्वारा भगवान श्री राम की आराधना एवं श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ का वाचन किया गया। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक फूल-मालाओं, रंग-बिरंगी रोशनी और झालरों से सजाया गया था। परिसर में भगवान श्री जगन्नाथ जी, श्री हनुमान जी, श्री राम दरबार एवं पूज्य शंकराचार्य जी के चित्रों की मनमोहक झांकी सजाई गई थी, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। इस पावन अवसर पर खरया परिवार के सभी सदस्य, महिला मंडली एवं इष्ट मित्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एक साथ बैठकर रामायण पाठ का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पाठ के दौरान लग रहे जय श्री राम और जय जगन्नाथ के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजक परिवार ने बताया कि यह आयोजन परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना को लेकर किया गया है। अखंड पाठ के समापन के पश्चात हवन-पूजन, महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

**बैठक** — साईखेड़ा के सांदीपनी उत्कृष्ट विद्यालय में 20 और 21 अगस्त को होगा आयोजन

# राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी की तैयारियो हेतु बैठक

**नवभारत/ साईखेड़ा।** के सांदीपनी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में विज्ञान, गणित, पर्यावरण, एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी 2025-26 का राज्य स्तरीय आयोजन दिनांक 20 से 21 अगस्त की अवधि में किया जा रहा है।

इस आयोजन में प्रत्येक संभाग से चयनित प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त प्रोजेक्ट्स राज्य स्तर की प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। इस प्रदर्शनी में सहभागिता करने वाले चयनित विद्यार्थियों की सूची ह्ल्ह्यद्म.द्वश्च.द्वठ्ठ पोर्टल पर उपलब्ध हो चुकी है। आयोजन में प्रत्येक जोन से 26-26



विद्यार्थी तथा प्रत्येक जिले से एक पुरुष एवं एक महिला मार्गदर्शक शिक्षक तथा संभागीय डाइट से एक पुरुष एवं एक महिला शिक्षक सहित कुल 260 विद्यार्थी एवं 124 मार्गदर्शी शिक्षक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। प्रदर्शनी से जुडी विभिन्न व्यवस्थाओ को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले की कलेक्टर रजनी सिंह द्वारा विभिन्न समितियों का गठन किया गया है।

सम्पूर्ण आयोजन का नोडल अधिकारी एसडीएम गाडरवारा को बनाया गया है।इसके अलावा आयोजन से जुडी 17 समितियों का गठन कर उनमे शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गईं है।बीते रविवार को इस आयोजन के संदर्भ में सभी समितियों की वृहद बैठक का आयोजन साईखे?ा के सांदीपनी उत्कृष्ट उ मा विद्यालय में किया गया। बैठक में राज्य शिक्षा केंद्र से स्टेट कोआर्डिनेटर सुनील श्रींवास्तव ने प्रदर्शनी को मद्देनजर रखते हुए की जाने वाली सभी आवश्यक तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# तीसरे सावन सोमवार पर निकली कांवड़ यात्रा

**नवभारत/गोटेगांव।** तीसरे सावन सोमवार के अवसर पर कामथ वार्ड के युवाओं द्वारा भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। युवाओं ने नगर के समीप स्थित मुआर घाट पहुंचकर नर्मदा जल कांवड़ में भरा और डीजे की धार्मिक धुनों के साथ यात्रा का शुभारंभ किया। कांवड़ यात्रा स्टेडियम मार्ग, श्री ठाकुर बाबा मंदिर, सराफा बाजार एवं पुरानी गल्ला मंडी होते हुए खुब्बी के बगीचा स्थित पीपलेश्वर मंदिर पहुंची।

यात्रा के दौरान युवाओं ने भगवान शिव के जयकारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पीपलेश्वर मंदिर पहुंचकर कांवड़ यात्रियों ने विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन-पाठ किया तथा मुआर घाट से लाए




पवित्र जल से शिवलिंग का अभिषेक किया। इस दौरान क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। कांवड़ यात्रा को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।